"RBSE Official Past Paper | Shared for Educational Purposes Only | Scanned by Schorbit"

अनुक्रमांक (अंकों में)/Roll No. (in figures) : 928

अनुक्रमांक (शब्दों में)/Roll No. (in words) : ____________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 29] [Total No. of Questions: 29]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 9वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2025–26
# Class 9th Half Yearly Examination, 2025-26
## हिन्दी / HINDI
## [ 901 ]

***सामान्य अनुदेश*** :
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंकभार अंकित है।

***General Instructions*** :
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

नोट :–

**(1) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**

**(2) जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

Schorbit

### खण्ड – अ

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए

मानव जाति ने अपने उद्भव काल से ही प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी से अपने भरण–पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उत्पादन ही मानव जीवन और जीविका के एकमात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव जीवन को संरक्षण प्रदान किया। रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने भी पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बनाकर वनवास का लंबा समय व्यतीत किया था। वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। उसने लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया। इमारती लकड़ी से भवन–निर्माण, कृषि यंत्र, परिवहन, फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं।

इस प्रकार वृक्षों से विभिन्न प्रत्यक्ष लाभ के अतिरिक्त परोक्ष फायदे भी हैं। जीवन दायिनी ऑक्सीजन पेड़ों से प्राप्त होती है। वृक्षों के आधिक्य से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है।

(i) पंचवटी शब्द में समास है – (1)

(अ) द्विगु समास (ब) बहुव्रीहि समास
(स) तत्पुरुष समास (द) कर्मधारय समास

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – (1)

(अ) मानव जाति (ब) मानव जीवन एवम् प्रकृति
(स) प्रकृति की गोद (द) वृक्षों की लकड़ी

(iii) आदिकाल में मानव जीवन किस पर आधारित था? (1)

(iv) वनवास काल में राम, सीता व लक्ष्मण ने कहाँ पर निवास किया था? (1)

(v) इमारती लकड़ी का क्या उपयोग है? (1)

(vi) वृक्षों के आधिक्य से किसमें सहायता मिलती है? (1)

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के–से पाले,
विद्युत–छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो –
बादल, गरजो।
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन,
विश्व के निदाघ के सकल जन, आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो –
बादल, गरजो!

(i) पद्यांश में बादल की उपमा किसे दी गई है? (1)

(अ) कवि से (ब) अज्ञात दिशा से
(स) नूतन कविता से (द) बाल–कल्पना से

(ii) धरा किस कारण तप्त बतायी गयी है? (1)

(अ) बादल की गर्जना से (ब) अत्यधिक गर्मी व लू से
(स) ज्वालाग्नि के कारण (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए। (1)

(iv) 'विकल विकल, उन्मन थे उन्मन' पंक्ति में कौनसा अलंकार है? (1)

(v) पद्यांश में आए शब्द बादल के दो पर्यायवाची लिखिए। (1)

(vi) 'निदाघ' शब्द से क्या तात्पर्य है? (1)

## खण्ड – ब

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्र.3 'धरती' का पर्यायवाची नहीं है (1)

(अ) वसुधा (ब) धरा (स) भूमि (द) भारती

प्र.4 'आग्रह' शब्द का विलोम है – (1)

(अ) अनाग्रह (ब) दुराग्रह (स) अभिहार (द) अवजात

प्र.5 'राम फल खाता है' वाक्य में उद्देश्य है – (1)

(अ) राम (ब) फल (स) खाता (द) है

प्र.6 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

(i) मीरा ........................................ राम सगे भाई–बहन हैं। (1)

(ii) सार्वनामिक विशेषण ........................ विशेषण भी कहलाते हैं। (1)

(iii) लोचन, चक्षु शब्द ........................................ के पर्यायवाची हैं। (1)

Schorbit

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न –**

प्र.7 रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं? (1)

प्र.8 विशेषण की परिभाषा लिखो। (1)

प्र.9 'आसमान पर चढ़ना' मुहावरे का अर्थ व वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1+1=2)

प्र.10 मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है? (1)

प्र.11 'मेरे संग की औरतें' शीर्षक कहानी में लेखिका ने सर्वप्रथम किसकी कहानी प्रस्तुत की है? (1)

प्र.12 'इस जल प्रलय में' शीर्षक पाठ के लेखक कौन है? (1)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न –**

प्र.13 छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया? (2)

प्र.14 प्रस्तुत यात्रा–वृत्तांत (ल्हासा की ओर) के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था? (2)

प्र.15 उपभोक्ता संस्कृति में सबसे बड़ा खतरा क्या है? (2)

प्र.16 लेखक ने भारत के किस प्रधानमंत्री को गाँव की मिट्टी से जुड़ा हुआ माना है और क्यों? (2)

प्र.17 हीरा और मोती के स्वभाव में क्या अंतर दिखाई देता है? कहानी के आधार पर बताइए। (2)

प्र.18 मानसरोवर किस प्रकार के जल से युक्त है? (2)

प्र.19 कवयित्री का 'घर जाने की चाह' से क्या तात्पर्य है? (2)

प्र.20 रसखान का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है? (2)

प्र.21 किस शासन की तुलना कवि ने तम के प्रभाव से की है और क्यों? (2)

प्र.22 कविता (ग्राम श्री) में किस मौसम के सौन्दर्य का वर्णन है? (2)

प्र.23 लेखिका की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही? (2)

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्र.24 "शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है" – इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। (4)

प्र.25 'साँवले सपनों की याद' पाठ से क्या प्रेरणा मिलती है? (4)

**अथवा**

उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे रीति–रिवाजों एवम् त्यौहारों को किस प्रकार प्रभावित करती है? अनुभव के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।

प्र.26 भाव स्पष्ट कीजिए – (2+2=4)

(क) कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं।।

(ख) खा–खाकर कुछ पाएगा नहीं,
न खाकर बनेगा अहंकारी।



Schorbit

## खण्ड – स

प्र.27 आपके विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, उस पर 100 शब्दों में एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (3)

**अथवा**

आपके विद्यालय में गाँधी जयंती उत्सव आयोजित हुआ, समाचार–पत्र के लिए 100 शब्दों में प्रतिवेदन लिखिए।

प्र.28 मोबाईल फोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बारे में दो अभिभावकों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। (3)

**अथवा**

स्वयं को महात्मा गाँधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, चूरू का छात्र मानकर प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय में बढ़ते जल–प्रदूषण की तरफ ध्यान आकृष्ट किया गया हो।

प्र.29 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए – (5)

(1) विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा की उपयोगिता –

संकेत बिन्दु –

(i) प्रस्तावना
(ii) नैतिक शिक्षा का स्वरूप
(iii) नैतिक शिक्षा की उपयोगिता
(iv) नैतिक शिक्षा की आवश्यकता
(v) उपसंहार

(2) राजस्थान में गहराता जल संकट –

संकेत बिन्दु –

(i) प्रस्तावना
(ii) जल संकट की स्थिति
(iii) जल संकट के कारण
(iv) जल संकट के निवारण
(v) उपसंहार

(3) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्त्व –

संकेत बिन्दु –

(i) प्रस्तावना
(ii) कम्प्यूटर की आवश्यकता
(iii) कम्प्यूटर की उपयोगिता
(iv) कम्प्यूटर के दुष्परिणाम
(v) उपसंहार

---

Schorbit